नारी कालेज में सड़क सुरक्षा माह का समापन

डीसीपी वेस्ट ने विजेता छात्राओं को किया पुरस्कृत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

नारी शिक्षा निकेतन पीजी कालेज, लखनऊ में जी-20 के परिप्रेक्ष्य में सड़क सुरक्षा माह का प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा के संरक्षण में समापन किया गया। इस पूरे माह अलग-अलग गतिविधियों का संचालन करवाया गया , जैसे जागरूकता रैली , नुक्कड़ नाटक, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता आदि। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डीसीपी (वेस्ट) डॉ. एस. चिनप्पा एवं सब इंस्पेक्टर सुधाकर पाण्डेय उपस्थित रहे। प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने सड़क पर वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करने एवं सीट बेल्ट लगाने पर प्रकाश डाला और ऐसा न करने पर दंड का प्रावधान है, ऐसा बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीसीपी चिनप्पा ने सड़क सुरक्षा अभियान क्यों चलाया जाता है, के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि अनुशासन हमारे जीवन में किस प्रकार महत्वपूर्ण है। लापरवाही तथा जल्दबाजी में हमारी भावी पीढ़ी मृत्यु के संकट में चली जाती है। अतएव हमें ट्रैफिक-नियमों का पालन तथा कानून का अनुसरण करना चाहिए।

अंत में प्राचार्या द्वारा मुख्य अतिथि चिनप्पा एवं पांडे को स्मृति चिन्ह दिया गया। पूरे माह में होने वाली गतिविधियों में विजेता छात्राओं को डॉ एस. चिनप्पा द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर विकसित होगा बलरामपुर अस्पताल: ब्रजेश पाठक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने निर्देश दिए, अस्पताल में आने वाले सभी रोगियों को इलाज मुहैया कराया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आधुनिक सुविधाओं से अस्पताल को लैस किया जाए ताकि गंभीर रोगियों को और बेहतर इलाज मिल सके। इसके लिए बजट की कमी को आड़े नहीं आने दिया जाएगा। बलरामपुर अस्पताल को मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर विकसित किया जाए। बलरामपुर अस्पताल के 154 वें स्थापना दिवस समारोह मे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि बलरामपुर अस्पताल प्रदेश के चुनिंदा सरकारी अस्पतालों में एक है। बेड के लिहाज से सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है। अस्पताल में इलाज के साथ पढ़ाई की सुविधा को बढ़ावा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि शोध कार्य की दिशा में भी कदम बढ़ाने की जरूरत है। सरकारी हर स्तर पर अस्पताल की मदद को तैयार है। अस्पताल प्रस्ताव बनाकर भेजने पर पूरी सहायता की जाएगी। सरकार पूरी रोगियों के हित में लगातार कदम उठा रही है। नई योजनाओं को शुरू किया जा रहा है। स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि सरकारी अस्पतालों के प्रति रोगियों का भरोसा बढ़ रहा है। ये सब डॉक्टर व कर्मचारियों की मेहनत का नतीजा है। ओपीडी व भर्ती रोगियों की सेहत का खयाल रखें। नियमित राउंड लें। कार्यक्रम में बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. रमेश गोयल, सीएमएस डॉ. जीपी गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि रोगी कल्याण समिति के बजट का अस्पताल भरपूर नियमानुसार उपयोग करें। अस्पताल के दरवाजे खिड़की, साफसफाई, पानी आदि की सुविधा को व्यवस्था रखने पर बजट खर्च करें। इन छोटी-छोटी दिक्कतों को दूर कर अस्पताल को बेहतर बना सकते हैं। लावारिस वार्ड का नाम,डॉ. एससी राय के नाम पर रखा जाएगा उपमुख्यमंत्री ने लावारिस वार्ड का नाम बदलने की अपील करने के साथ प्रेक्षागृह में बैठे लोगों से सुझाव मांगे। डॉक्टरों ने लावारिश वार्ड का नाम पद्मश्री डॉ. एससी राय के नाम पर करने का सुझाव दिया। लिहाजा अब लावारिस वार्ड का नाम डॉ. एससी राय वार्ड के नाम से जाना जाएगा।

डीसीपी ने किया सड़क सुरक्षा अभियान के लिए जागरुक

लखनऊ। दिनांक 04.02.2023 को नारी शिक्षा निकेतन पीजी कालेज, लखनऊ में जी-20 के परिप्रेक्ष्य में सड़क सुरक्षा माह (05 जनवरी - 04 फरवरी, 2023 तक) का प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा के संरक्षण में समापन किया गया। इस पूरे माह अलग-अलग गतिविधियों का संचालन करवाया गया, जैसे जागरूकता रैली, नुक्कड नाटक, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता आदि। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डीसीपी (वेस्ट) डॉ. एस. चिनप्पा एवं सब इंस्पेक्टर सुधाकर पाण्डेय उपस्थित रहे। प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने सड़क पर वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करने एवं सीट बेल्ट लगाने पर प्रकाश डाला और ऐसा न करने पर दण्ड का प्रावधान है, ऐसा बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीसीपी डॉ. एस. चिनप्पा जी ने सड़क सुरक्षा अभियान क्यों चलाया जाता है, के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि अनुशासन हमारे जीवन में किस प्रकार महत्वपूर्ण है। लापरवाही तथा जल्दबाजी में हमारी भावी पीढ़ी मृत्यु के संकट में चली जाती है । अतएव हमें ट्रैफिक -नियमों का पालन तथा कानून का अनुसरण करना चाहिये। अंत में प्राचार्या द्वारा मुख्य अतिथि डीसीपी(वेस्ट)डॉ. एस. चिनप्पा एवं सब-इंस्पेक्टर श्री सुधाकर पांडे को स्मृति चिन्ह दिया गया। पूरे माह में होने वाली गतिविधियों में विजेता छात्राओं को डॉ एस. चिनप्पा द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। छात्राओ के नाम इस प्रकार है। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार-ऐमन, बीएससी, प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय पुरस्कार- राफिया बानों, बीएससी, प्रथम सेमेस्टर, तृतीय पुरस्कार-मुसकान साहा, बीए, प्रथम सेमेस्टर, पोस्टर प्रतियोगिता-

प्रथम पुरस्कार- सृष्टि गुप्ता, बीए, प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय पुरस्कार- रोषनी खातून, बीए, पंचम सेमेस्टर, तृतीय पुरस्कार- काषिष जैसवाल, बीए, प्रथम सेमेस्टर

स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार- सृष्टि गुप्ता, बीए, प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय पुरस्कार- कृतिका जोषी, बीए, तृतीय सेमेस्टर, तृतीय पुरस्कार- षिवानी वर्मा, बीए, प्रथम सेमेस्टर। कार्यक्रम का समापन रोड सेफ्टी क्लब, एनएसएस एवं एनसीसी के सभी सदस्यों डॉ. रज़िया परवीन, डॉ. अंतिमा चौधरी, डॉ. नीरजा शुक्ला, सुश्री आकांक्षा वर्मा, श्रीमती रिचा चाँद के कुशल निर्देशन में हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रिचा चाँद ने किया । इस अवसर पर डॉ. वंदना उप्रेती, डॉ. सुमन मिश्रा, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. सुनीता, डॉ. इंदु कन्नौजिया, डॉ. दिव्या पाल, डॉ.सरिता श्रीवास्तव तथा 45 छात्रायें उपस्थित रहीं।

एमएलसी इलेक्शन, भाजपा का दिखा दम, सपा बेदम

भाजपा की बल्ले बल्ले, भाजपाइयों ने मनाया जश्न

पांच में चार पर बीजेपी का लहराया परचम, एक सीट पर निर्दल का कब्जा

लखनऊ। यूपी विधान परिषद की पांच सीटों पर हुए चुनाव में भाजपा ने चार सीटें जीतकर फिर साबित किया है कि उसकी पकड़ मजबूत है। चुनाव नतीजे सुनते ही बीजेपी कार्यकर्ताओं का जोश सड़को पर नजर आने लगा। जगह जगहकार्यकर्ता एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई देने लगे। बीजेपी के सूबाई दफ्तर में जश्न मनाया गया गाजे बाजे के साथ पार्टी कार्यकर्ता नाच रहे थे। मिठाई बांटी गई। एक दूसरे को रंग गुलाल भी लगाया। विधान परिषद चुनाव की घोषणा के बाद से ही पार्टी संगठन योजनाबद्ध तरीके से काम में जुट गया। बीजेपीके प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में हर सीट के लिए मंत्रियों और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संवाद किया। नतीजा चार सीटे खाते में आई। बावजूद इसके कानपुर उन्नाव शिक्षक खंड सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी राजबहादुर सिंह चंदेल ने जीत दर्ज की। यहाँ बीजेपी सपा दोनों की नही चली। मुख्य विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी मुकाबले में भी नजर नहीं आई। मतदाताओं को जोड़ने के बड़े बड़े दावे किए गए लेकिन परिणामों ने निराश किया। सपा को एक सीट भी नहीं मिली, नेता प्रतिपक्ष के पद की हसरत फिर पूरी नही हुई। विधान परिषद की बरेली-मुरादाबाद खंड स्नातक सीट पर भाजपा उम्मीदवार जयपाल सिंह व्यस्त ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की है। उन्होंने सपा के शिव प्रताप सिंह को 51257 वोटों से हराकर जीत अपने नाम की। 1986 से सीट पर अजेय भाजपा की यह आठवीं जीत है।विधानपरिषद की कानपुर-उन्नाव खंड स्नातक सीट से भाजपा प्रत्याशी अरुण पाठक ने जीत दर्ज की है। अरुण पाठक ने 62501 वोटों के साथ जीत दर्ज की है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के कमलेश यादव को 53185 वोटों से हराया है, जिन्हें 9331 वोट मिले।स्नातक एमएलसी चुनावों में 6728 अवैध घोषित किए गए।कानपुर उन्नाव शिक्षक खंड सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी राजबहादुर सिंह चंदेल ने छठवीं बार जीत दर्ज की है।वह 1520 वोटों से विजयी हुए है। द्वितीय वरीयता की मतगणना के बाद उन्होंने 1548 वोटों से अपने प्रतिद्वंदी हेमराज को हराया, जिन्हें 3681 वोट मिले। भाजपा प्रत्याशी वेणु रंजन भदौरिया तीसरे नंबर पर रहे, जिन्हें 3282 मत मिले। भाजपा ने वेणु रंजन भदौरिया को मैदान में उतारा लेकिन पार्टी यहां उलटफेर करने में नाकाम रही। इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक सीट से भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी ने जीत दर्ज की।उन्होंने 1,403 वोटों से अपने प्रतिद्वंदी सुरेश कुमार त्रिपाठी कोशिकस्त दी।गोरखपुर-फैजाबाद खंड स्नातक सीट से जीत की हैट्रिक लगाने वाले भाजपा उम्मीदवार देवेंद्र प्रताप सिंह ने रिकॉर्ड बनाया है। इस सीट पर अब तक जितने भी परिणाम आए हैं, सभी द्वितीय वरीयता के मतों की गिनती के बाद ही आए। पहली बार हुआ जब प्रथम वरीयता के मतों की गिनती से ही फैसला हो गया।

डबल इंजन सरकार पर जनविश्वास का प्रतीक है जीत: योगी

लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य विधान मण्डल के उच्च सदन के लिए हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को मिली यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार के प्रति अथाह जन विश्वास की प्रतीक है।सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति गहरी आस्था रखने वाले कर्मठ सदस्यों की उपस्थिति उत्तर प्रदेश विधान परिषद की गरिमा को बढ़ाएगी। नए सदस्यों के सार्वजनिक जीवन का सुदीर्घ अनुभव श्नए भारत के नए उत्तर प्रदेशश् के निर्माण में सहयोगी सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने विजयी उम्मीदवारों को उज्ज्वल भविष्य के प्रति शुभकामनाएं दी हैं।

विजयी प्रत्याशी अन्त्योदय के संकल्प में बनेंगे सहभागी: भूपेंद्र चौधरी

लखनऊ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने विधान परिषद सदस्य स्नातक व शिक्षक चुनाव- 2023 में पार्टी के विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी है।उन्होंने सभी मतदाताओं का भी आभार जताया है।उन्होंने विश्वास जताया कि प्रबुद्ध मतदाताओं द्वारा चयनित सदस्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में श्अन्त्योदयश् के संकल्प को सिद्ध करने में सहभागिता करेंगे।

नगदी और जेवरात लेकर किशोरी फरार, पिता ने दी तहरीर

उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी कस्बे में जरूरी सामान लेने के लिए निकली थी। तभी से वह वापस नहीं आई। किशोरी के पिता ने गुम होने की तहरीर थाने में दी है। घर से जाते वक्त किशोरी घर में रखे 50 हजार नगद रुपये सहित अन्य जेवरात भी ले गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी के पिता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री 30 जनवरी को कस्बे में जरूरी सामान लेने के लिए निकली थी। अपने साथ घर में रखे 50 हजार नगद व 2 जोड़ी पायल एक नाक की बाली साथ में घर से लेकर गई है।

रोजगार पर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जरा भी गंभीर नहीं: कांग्रेस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 24 करोड़ की आबादी है और चुनाव के लिए 15 करोड़ लोगों को 5 किलो राशन का वादा किया जा रहा है। जिस प्रदेश में 60 प्रतिशत की आबादी 5 किलो राशन पर निर्भर है उस प्रदेश की सरकार रोजगार पर जरा भी चिंतित नहीं, यह आश्चर्यचकित करने वाला है। राशन पर खर्च किया जाने वाला पैसा रोजगार पर खर्च किया जाना चाहिए जिससे कि प्रदेश वासी आत्मसम्मान भरा जीविकोपार्जन कर सकें। मगर योगी सरकार प्रदेशवासियों को रोजगार के माध्यम से आत्मसम्मान भरा जीवन देने के बजाय 5 किलो राशन देकर भिखारी जैसा जीवन देना ज्यादा उचित समझा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि केंद्र सरकार ने मनरेगा बजट की 30 प्रतिशत की कटौती की है, जिसका सीधा असर उत्तर प्रदेश पर होगा। मनरेगा गरीबों को रोजगार देता है, मगर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने इस कटौती का कोई विरोध नहीं किया। कोरोना में प्रवासी मजदूरों की गांव वापसी के बाद उत्तर प्रदेश के गांवों पर बेरोजगारी का बोझ बढ़ा है, जिसे मनरेगा ही दूर कर सकता है। मनरेगा में बजट की कटौती डबल इंजन की सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है और यह बताता है कि डबल इंजन की सरकार गरीब विरोधी है।प्रवक्ता ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से रोजगार आने की कोई संभावना नहीं दिखती है। क्योंकि इससे पहले भी जितने समिट हुए वह रोजगार देने में असफल रहे। रोजगार के लिए उत्तर प्रदेश के युवाओं का दूसरे प्रदेशों को पलायन जारी है। इन्वेस्टर्स समिट कराए जाने के नाम पर राजधानी में चीनी झालर लगाई जा रही है। दीवारों पर तस्वीरें बनाई जा रही है। गमले लगाए जा रहे हैं। इन्वेस्टर समिट कराने के लिए खूब पैसे की बर्बादी हो रही है पर सड़क चौड़ीकरण के लिए पटरी के किनारे बैठे वैध दुकानदारों को दुकानें बंद करने का अवैध आदेश दिया गया है।

वर्दी पहने दरोगा ने पी शराब, एसपी ने जांच कर कार्रवाई की कही बात

हरदोई। जिले में ड्यूटी पर तैनात दरोगा का शराब पीते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहे दरोगा का नाम शैलेंद्र सिंह चौहान बताया जा रहा है, जो ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर हैं। यह वीडियो कोतवाली शहर से महज 50 मीटर की दूर नुमाइश चौराहे का बताया गया है। वहीं एसपी जांच कर कार्रवाई की बात कह रहे हैं। हरदोई में बढ़ रही लगातार लूट की घटनाएं साथ ही अपराधिक क्रियाकलापों को लेकर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी तमाम प्रयास कर रहे हैं। विभिन्न ऑपरेशन के माध्यम से खुलासे के दावे किए जा रहे हैं। जिनमें ऑपरेशन पाताल और सुरंग सक्रिय है। एसपी ऑपरेशन सुरंग के जरिए अपराधियों पर लगाम लगाने की बात कह रहे हैं। जबकि नुमाइश चौराहा पर तैनात टीएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान जाम छलका रहे हैं। जब इस संबंध में एसपी राजेश द्विवेदी से बात की गई तो वो मामले का बचाव करते दिखे। मामले में अनिभिज्ञता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा क्या बताऊं, देखता हूं, जानकारी करता हूं, फिर बताता हूं।

अवैध संबंध में बाधक भतीजे को चाचा ने मार डाला

मोहित हत्याकांड, दो लोगों को फंसाया

लखनऊ। यूपी के फतेहपुर जिले में पांच महीना पहले हुए मोहित हत्याकांड का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक मृतक की मां से उसके चाचा का अवैध संबंध था जिसका वह विरोध करता था। अवैध संबंध में बाधक बनने पर चाचा ज्ञानचंद्र ने ही भतीजे मोहित जायसवाल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से हत्यारोपी चाचा ज्ञानचंद्र को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल तमंचा और खोखा कारतूस भी बरामद कर लिया है। घटना खागा कोतवाली क्षेत्र के भोगलपुर गांव की है। खागा के सीओ संजय कुमार ने बताया कि 2 अगस्त 2022 को खागा कोतवाली क्षेत्र के भोगलपुर गांव में 16 वर्षीय मोहित जायसवाल को घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता ने गांव के ही सुरेंद्र और शिवा जायसवाल के खिलाफ रंजिशन हत्या का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने जब दोनों हत्यारोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने हत्या करने से साफ इनकार किया था। इसके बाद पुलिस ने नामजद हत्यारोपियों को छोड़कर पूरे मामले की तफ्तीश तेज कर दी। जांच के दौरान सर्विलांस की मदद से पुलिस को पता चला कि मृतक की मां से उसके चाचा ज्ञानचंद्र का अवैध संबंध है जिसका मृतक विरोध किया करता था। अवैध संबंध में बाधक बनने से नाराज चाचा ज्ञानचंद्र ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी।हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद वह अपने भाई को भड़काकर गांव के सुरेंद्र और शिवा के खिलाफ रंजिशन हत्या का मुकदमा दर्ज करवा था दिया।

पाकिस्तान में जो हो रहा अशराफवादी नेतृत्व में ही हो रहा: परवेज हनीफ

लखनऊ। पाकिस्तान के पेशावर की एक अति सुरक्षा प्राप्त क्षेत्र की मस्जिद में मानवता के विरुद्ध हुए मानव बम विस्फोट में जिस प्रकार से नमाज अदा कर रहे सैकड़ों नमाजियों के जान-माल की हानि हुई, वह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि पाकिस्तान में जो हो रहा है, या ऐसा पहले भी होता आया है। वह पाकिस्तान के एक ऐसे विशेष वर्ग द्वारा किया जा रहा है जो अपने आपको अशरफ (श्रेष्ठ मुसलमान) भी कहता है, के अशराफवादी नेतृत्व में ही हो रहा है। जो किसी भी धर्म के व्यक्ति को वहां के संविधान में अपनी मर्जी के अनुसार धार्मिक आचरण की स्वतंत्रता द्वारा प्राप्त सांवैधानिक स्वतंत्रा की नृशंस हत्या से कम नहीं है। उक्त विचार पसमांदा मुसलामनों के हितों के लिये संघर्षरत सामाजिक संगठन ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफने उक्त घटना के फलस्वरूप आयोजित दिल्ली में संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि इस्लाम सभी को शांति का पैगाम देने वाला धर्म है।

धार्मिक कट्टरपंथियों की मर्जी के बिना धार्मिक आचरण न करने वालों को उनके ही इबादतगाह में मानव बम से हत्या कर देने से कौन से एवं किसके द्वारा पारित धार्मिक उपदेश का पालन किया जा रहा है। राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष शारिक अदीब ने कहा कि ये हमला अशराफमुसलमानों द्वारा पल्वित, पोषित धार्मिक कट्टरपंथी संगठनों द्वारा किया गया है जिनका मुख्य उद्देश्य उनके द्वारा बनाये गये निजी धार्मिक संविधान को जबरदस्ती देश के प्रत्येक वर्ग पर लागू करना ही है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद यूनुस ने कहा कि पाकिस्तान हो या दुनिया का कोई भी देश, लोकतांत्रिक देश के सभी नागरिकों को अपनी मर्जी के धर्म को अपनाने एवं उसके अनुसार आचरण करने की धार्मिक स्वतंत्रता प्राप्त है। पाकिस्तान के अशराफ (ऊंची जाति के मुसलमान) द्वारा अपनी मर्जी से बनाये हुए धार्मिक संविधान को भय एवं भ्रामकता से देश के प्रत्येक नागरिक पर लागू नहीं कर सकते।

संत रविदास जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे खाबरी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता संजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी पूर्व सांसद दिनांक 5 फरवरी 2023 को जनपद वाराणसी में संत रविदास जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तद्पश्चात दिनांक 6 फरवरी 2023 को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी आवास जनपद बांदा में उनके एक निजी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तथा सायं को जनपद बांदा से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

अखिलेश ने साधा प्रदेश सरकार पर निशाना

हरदोई। हरदोई पहुंचे अखिलेश यादव ने सीएम योगी जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी शरीफ नहीं है। उन्होंने अपने खुद के केस वापस लिए हैं, डिप्टी सीएम के वापस लिए, ऐसे मुख्यमंत्री को सीएम रहने का कोई अधिकार नहीं है। उनको अपनी कुर्सी छोड़ देनी चाहिए। अखिलेश यादव हरदोई में एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहंचे थे, जहां पर ये बातें कही। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बजट पर भी सवाल उठाए हैं और भारत के संविधान के अनुसार कानून न चलने की बात कही है। इसके अलावा उन्होंने अजय मिश्र टेनी पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि सिख समाज के लोग थार में बैठकर के लखीमपुर में भी जाएंगे। अखिलेश यादव एक विवाह कार्यक्रम में शिरकत करने हरदोई पहुंचे थे। पूर्व मुख्यमंत्री और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी मामले में सवाल उठाते हुए कहा, श्मैं उम्मीद करता हूं कि सिख समाज के

लोग थार में बैठकर के लखीमपुर में भी जाएंगे। बीजेपी के इशारे से काम न करें, बीजेपी के कार्यालय में थार लेकर के पहुंचे और जो आईपीसी की किताब है और उसको लेकर के जाएं और पूछें उसके तहत बीजेपी के लोगों पर कार्रवाई हुई है कि नहीं हुई है। अखिलेश यादव ने बजट पर बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने बजट जारी किया है। क्या किसी के चेहरे पर खुशी नजर आ रही है। बजट से हर कोई कंफ्यूज है, लोगों को बजट समझ में नहीं आया है। महंगाई चरम सीमा पर है। भारतीय जनता पार्टी ने अर्थव्यवस्था को खोखला कर दिया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता विरोधी दल श्री अखिलेश यादव ने कहा, श्हम समाजवादियों के लिए संविधान सबसे बड़ा धर्म हैं हम लोकतंत्र की पूजा करते है। भाजपा बेईमानी कर ले और बेईमानी की बधाई एक दूसरे को दे। यह पहला चुनाव नहीं है इससे भी पहले ऐसे चुनाव हुए हैं, जिला पंचायत चुनाव में कीमत लगाई गई, ब्लाक प्रमुख में पर्चे नहीं भरने दिए गए, एमएलसी चुनाव में डीएम एसपी और प्रशासन लड़ता रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मुख्तार अंसारी पर दिए गए बयान को लेकर अखिलेश यादव ने योगी आदित्यनाथ पर हमला बोलते हुए कहा, श्उनकी सरकार में क्या सब शरीफहै और क्या खुद योगी आदित्यनाथ शरीफहै, उन्होंने कहा कि आप याद कीजिए यह मुख्यमंत्री जी वह है, जिन्होंने अपने खुद के केस वापस लिए हैं, डिप्टी सीएम के वापस लिए, ऐसे मुख्यमंत्री को दूसरे पर कहने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कानून है संविधान है मुझे लगता है मुख्तार अंसारी को न्यायालय से न्याय मिलेगा।

यूपी में एक दर्जन पीपीएस अफसरों का तबादला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। यूपी में 12 पीपीएस अफसरों का तबादला हुआ है। तबादला सूची के मुताबिक, रवि कुमार सिंह एसीपी गाजियाबाद व सुनील कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक मैनपुरी बनाये गए है।डीजीपी मुख्यालय ने स्थानांतरण सूची जारी कर दी है। सूची के मुताबिक रवि कुमार सिंह एसीपी गाजियाबाद बनाए गए,सुनील कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक मैनपुरी बने तो सुजीत कुमार राय एसीपी गाजियाबाद बनाए गए। महेश त्यागी एसीपी गौतमबुद्धनगर, नवीना शुक्ला पुलिस उपाधीक्षक गोंडा, संतोष कुमार तृतीय पुलिस उपाधीक्षक श्रावस्ती,राजीव द्विवेदी पुलिस उपाधीक्षक अलीगढ़ बने हैं। वही अब पवन गौतम एसीपी गौतमबुद्धनगर और अजीत कुमार रज्जक एसीपी गाजियाबाद होंगे। शाहिदा नसरीन मडंलाधिकारी अलीगढ़, दद्दन प्रसाद पुलिस उपाधीक्षक सोनभद्र और सत्य प्रकाश शर्मा एसीपी एलआईयू आगरा बनाए गए।

मीडिया डायरेक्टरी और श्रीराम पर आधारित डायरी का विधानसभा अध्यक्ष ने किया विमोचन

लखनऊ। एनएमसी उत्तर प्रदेश मीडिया डायरेक्टरी-2023 एवं भगवान श्रीराम पर आधारित लीडरशिप लेसन्स फ्राम रामायण डायरी काविमोचन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की गरिमामयी उपस्थिति में विधानसभा के सेनट्रल हाल में संपन्न हुआ। विमोचन कार्यक्रम में प्रदेश के कई पत्रकार मौजूद रहे। विमोचन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नेशनल मीडिया क्लब की डायरेक्टरी 5 वर्षो से प्रकाशित हो रही है जो काफी लोकप्रिय है। इसमे प्रदेश के राजनेताओं अधिकारियो , प्रदेश के अलावा जिले स्तर के पत्रकारों के नंबर रहते है जिससे कोई भी व्यक्ति प्रदेश के किसी भी अधिकारी से संपर्क कर सकता है। उन्होंने कहा कि एनएमसी उत्तर प्रदेश मीडिया डायरेक्ट्री में दिये गये फोन नंबरो से प्रदेश के आम लोग किसी भी अधिकारी, जनप्रतिनिधि से सीधे बात कर सकते हैं।इस मौके पर नेशनल मीडिया क्लब की लीडरशिप लेसन्स फ्राम रामायण डायरी 2023 के बारे में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नेशनल मीडिया क्लब के द्वारा भगवान राम की लीडरशिप , उनके गुणों को लेकर जो बाते डायरी में प्रकाशन की गयी है वह लोगों के लिये प्रेरणादायी है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री महाना ने नेशनल मीडिया क्लब के प्रयासों की भरपूर सरहाना की और एनएमसी चेयरमैन रमेश अवस्थी को अपना प्रिय मित्र बताया।नेशनल मीडिया क्लब के द्वारा पिछले 5 वर्षो से प्रतिवर्ष उत्तर प्रदेश मीडिया डायरेक्टरी का प्रकाशन किया जा रहा है । डायरेक्ट्री में राष्ट्रपति,उप राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री ,कैबिनेट मंत्री और उनके कार्यालय से संबंधित सभी जानकारियां होने के साथ ही अन्य राज्यो के राज्यपाल मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम और नंबर रहते है।डायरेक्टरी की खासियत है कि एनएमसी डायरेक्टरी में उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग से जुड़े सभी प्रमुख अधिकारियों के नाम और नंबर होने के साथ ही राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों के नाम और नंबर होते हैं। इसके अलावा प्रदेश के सभी जिलों के प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया के पत्रकारों के नाम और नंबर रहते है।

गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर 27 को रालोद करेगा मण्डलायुक्त का घेराव

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसान संदेश अभियान के तहत गन्ना मूल्य घोषित करने, छुट्टा पशुओं का समाधान करने व बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान कराने को लेकर डेढ़ महीने से लगातार आंदोलन करके मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर तथा ज्ञापन देकर किसानों की आवाज उठा रहा है लेकिन सरकार हठधर्मिता पर आमादा है। किसानों की अनदेखी कर रही है और कोई बात सुनने को तैयार नहीं है।राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने इस अभियान को और अधिक गतिशील बनाने के लिए आज जारी बयान में कहा कि सरकार के खिलाफ किसानों के हक के लिए 7 फरवरी को जिला मुख्यालयों पर धरना देकर जिला प्रशासन को ज्ञापन देंगे और इसके बाद गांव गांव जाकर किसान चौपाल किसान पंचायतें करके किसानों के साथ संवाद करेंगे और 27 फरवरी को मंडलायुक्त का घेराव करेंगे। जिलाध्यक्षों, महानगर अध्यक्षों, मण्डल अध्यक्षों, क्षेत्रीय अध्यक्षों के साथ साथ अभियान के प्रभारियों को भी निर्देशित किया गया है।

प्रथम अंतर स्कूल ताइक्कांडो कप टूर्नामेंट 5 फरवरी को

लखनऊ। ऑक्सफोर्ड ताइक्कांडो अकादमी के तत्वावधान में प्रथम अंतर स्कूल ताइक्कांडो कप-2023 टूर्नामेंट का आयोजन सेंट मैरी डे इंटर कॉलेज आशियाना में रविवार 5 फरवरी, 2023 को होगा। इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न स्कूलों की टीमें हिस्सा लेंगी। ऑक्सफोर्ड ताइक्कांडो अकादमी के निदेशक अतुल यादव ने बताया कि अब तक 10 स्कूलों के 200 खिलाड़ियों ने भाग लेने की पुष्टि कर दी है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक की भूमिका में रिजवान अहमद (लक्ष्मण अवॉर्डी, कोच केडी सिंह बाबू स्टेडियम) व आलोक सिंह रहेंगे।

57 मुख्य आरक्षियों का दरोगा के पद पर प्रमोशन

हरदोई। पुलिस अधीक्षक ने जनपद में पदोन्नति पाने वाले मुख्य आरक्षियों को स्टार लगाकर बधाई दी। जनपद में 57 मुख्य आरक्षियों को उपनिरीक्षक के पद पर प्रमोशन मिला है। एसपी राजेश द्विवेदी ने पदोन्नति होने पर उपनिरीक्षकों को स्टार लगाकर शुभकामनाएं दीं। हरदोई जनपद के 57 मुख्य आरक्षियों को उपनिरीक्षक के पद पर प्रमोशन मिला है। पुलिस कार्यालय में एसपी ने जनपद में प्रमोशन पाने वाले 57 मुख्य आरक्षियों को बधाई दी। उन्होंने उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर स्टार लगा कर शुभकामनाएं दीं। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जैसे ही मुख्य आरक्षी के प्रमोशन की लिस्ट आई वैसे ही मुख्य आरक्षी सहित उनके परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। एसपी ने सभी मुख्य आरक्षियों को पुलिस कार्यालय बुलाया और उनके स्टार लगाकर प्रमोशन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि जैसे आप सभी ने पूर्व में आमजन की सेवा की है। उसी तरह उपनिरीक्षक बनकर लोगों की सेवा करें। जिससे जनता में पुलिस के प्रति सम्मान बढ़े। फिलहाल एसपी राजेश द्विवेदी के स्टार लगाने से आरक्षी से उपनिरीक्षक बने पुलिसकर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। वह अपने काम को बखूबी निभाने की कसम खा रहे हैं।

प्रेमी युगल को मिली सुरक्षा

हरदोई। जिले के पाली कस्बे दो अलग-अलग धर्मों के प्रेमी युगल द्वारा स्वयं वीडियो वायरल कर पुलिस से गुहार लगाई गई थी, जिसके बाद आज एएसपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रेमी और प्रेमिका दोनों बालिग हैं। उच्च न्यायालय के दिशा निर्देश के तहत इस मामले में कार्रवाई की जा रही है। उच्च न्यायालय ने दोनों को सुरक्षा प्रदान करने और 164 के बयान कराने का निर्देश दिया है। आपको बता दें कि पाली नगर के एक मोहल्ले की मुस्लिम युवती को पड़ोस के मोहल्ले का सुनील कश्यप अपने साथ ले गया था। इसके बाद युवती के परिजनों ने पाली थाने पर प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी। पुलिस दोनों को खोजने का प्रयास कर ही रही थी कि तभी प्रेमी युगल ने अपना वीडियो बनाकर वायरल कर दिया, जिसमें दोनों ने साथ में खुश रहने और अलग करने पर जान देने की धमकी दी थी।